# स्कॉर्पियो की टक्कर से मां-बेटे की मौत, बच्ची गंभीर

## झलौन मार्ग पर हुआ हादसा, वाहन चालक फरार, तेजगढ़ थाना क्षेत्र की घटना

**तेंदूखेड़ा, देशबन्धु।** तेजगढ़ थाना क्षेत्र में वाहन की टक्कर से मां-बेटे की मौत हो गई। घटना में घायल बच्ची की हालत भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत झलौन-तेजगढ़ मार्ग पर रात करीब 9 बजे एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 20 जेडडब्लू 9993 ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था, लेकिन रास्ते में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्ची का मेडिकल कॉलेज जबलपुर में इलाज चल रहा है।

**मेडिकल जाते समय रास्ते में मां बेटे की मौत**–जानकारी के अनुसार घायलों में पुरा निवासी संतोष पिता जगदीश सेन 30 वर्ष, संतोषरानी बाई पति जगदीश सेन 60 वर्ष, मानवी पिता कैलाश उम्र 10 वर्ष हैं। सभी गुरुवार को अपने घर से झलौन ग्राम में दवाई कराने सहित अन्य सामग्री की खरीदी करने के लिए आए थ। देर-रात बाइक से वापस पुरा



ग्राम जा रहे थे, इसी दौरान यह हादसा हुआ।

घटना के बाद कार सवार मौके से भाग निकले हैं। घायल काफी देर तक मौके पर ही तड़पते रहे। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया कर दिया, लेकिन मेडिकल जाते समय पाटन-उड़ना के बीच संतोष रानी पति जगदीश सेन उम्र 60 वर्ष और संतोष पिता जगदीश सेन उम्र 30 वर्ष ने दम तोड़ दिया। घायल बालिका मानवी का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। शुक्रवार की सुबह जबलपुर मेडिकल कॉलेज डॉक्टरों ने



पोस्टमॉर्टम के बाद मां-बेटे के शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए।

**जनपद अध्यक्ष ने पहुंचाया अस्पताल**–घटनास्थल पर घायल अवस्था में पड़े मां-बेटे और बच्ची की किसी ने मदद नहीं की, जब तेंदूखेड़ा से वापस अपने गांव बासा लौट रहे तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत अध्यक्ष तुलाराम यादव ने घायलों को देखा तो उन्होंने अपनी कार में लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी।

**मां-बेटे का हुआ अंतिम संस्कार, हर आंख हुई नम**–दोपहर में जैसे ही मां और बेटे के शव गांव पहुंचे, पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शवों के गांव पहुंचते ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और अंतिम संस्कार में शामिल हुए। अंतिम यात्रा में मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम थीं। ग्रामीणों की जुबान पर एक ही बात थी कि यदि समय रहते उचित इलाज मिल जाता और अधिक रक्तस्राव नहीं हुआ होता, तो आज मां और बेटा दोनों जीवित होते। मां और बेटे का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान माहौल बेहद गमगीन रहा। ग्रामीणों ने बताया कि यह पहला अवसर है जब गांव में एक साथ मां और बेटे का अंतिम संस्कार करना पड़ा है। इस दर्दनाक घटना से पूरा गांव शोक में डूबा हुआ है।

### इनका कहना है

घटना की सूचना रात में मिली थी, लेकिन पुलिस के मौके पर पहुंचने के पहले ही घायल तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए थे। हादसे में दो लोगों की मौत की सूचना नहीं आई है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

**अरविंद सिंह ठाकुर,** थाना प्रभारी तेजगढ़

# युवक ने लगाई फांसी, मौत

**तेंदूखेड़ा, देशबन्धु।** थाना तारादेही क्षेत्र के ग्राम चंदना में 19 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और सनसनी का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम चंदना निवासी अंकित अहिरवाल (19 वर्ष), पिता वीरन अहिरवाल ने अपने घर में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की बड़ी मां गुलाब बाई ने बताया कि उनके और अंकित के मकान आमने-सामने कुछ दूरी पर स्थित हैं। अंकित ने रात करीब 9:30 बजे भोजन किया और सोने चला गया था। उस समय घर में कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था, जब सुबह 8 बजे उसके घर जाकर देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। अंकित के फांसी लगने की घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई परिजनों और स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही तारादेही थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मर्ग क़ायम कर पंचनामे के बाद शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा और निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा लेकर आए।



शव को शवग्रह में रखा गया है, क्योंकि उसके माता-पिता पुणे में मजदूरी करने गए हैं। उन्हें इस घटना की सूचना दी तो उन्होंने आपत्ति जताते हुए कहा हम लोग पुणे से तेंदूखेड़ा के लिए निकल गए हैं। जब तक हम लोग तेंदूखेड़ा नहीं पहुंच जाते, तब तक शव का पोस्टमॉर्टम नहीं किया जाए। इस कारण शव का पोस्टमॉर्टम को होगा। प्रधान आरक्षक देवकरण ने बताया कि मर्ग क़ायम कर शव का पंचनामा तैयार कर लिया गया है। माता-पिता की आपत्ति के कारण शव का पोस्टमॉर्टम कल होगा।

## सार-समाचार

### नोहटा में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर हितग्राहियों को बांटे प्रमाण पत्र और बीज किट

**जबेरा, देशबन्धु।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत ग्राम नोहटा में तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय जनकल्याण शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। इस गरिमामय कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी के अनुज नितेंद्र सिंह लोधी द्वारा किया गया।





शिविर के प्रथम दिवस शासन के विभिन्न प्रमुख विभागों ने अपने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित अतिथियों द्वारा पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्र सौंपे गए। साथ ही, कृषि विभाग जबेरा के विशेष मार्गदर्शन सत्र में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देते हुए उन्नत किस्म के 'बीज मिनी किट' का निःशुल्क वितरण किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शिविर में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और सकारात्मक निराकरण किया जाए। इसके साथ ही, सोशल मीडिया के माध्यम से शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया, ताकि क्षेत्र के अधिक से अधिक लोग इस जनोपयोगी शिविर का लाभ उठा सकें। इस कार्यक्रम का संचालन आजीविका मिशन के प्रबंधक धर्मेंद्र मिश्रा द्वारा किया गया। शिविर में मुख्य रूप से जनपद पंचायत सीईओ डॉ. रामेश्वर पटेल, नोहटा सरपंच सोनम यादव, मंडल अध्यक्ष सत्यपाल सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष सुमन उपाध्याय उपसरपंच मुन्नालाल राय, संदीप यादव एवं मंडल उपाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### दमोह ओवरब्रिज पर तेल गिरने से कई बाइक सवार फिसले, पथरिया फाटक पर 1 घंटे यातायात बाधित

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह के पथरिया फाटक ओवरब्रिज पर गुरुवार दोपहर किसी ने तेल डाल दिया। इस घटना के कारण 50 से अधिक बाइक सवार फिसलकर गिर पड़े और मामूली रूप से घायल हो गए। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें बाइक सवारों को तेल में फिसलते हुए देखा जा सकता है। कई घायल लोग ब्रिज पर ही एक तरफ बैठे हुए दिखाई दिए।



मांझी समाज के नेता मोंटी रैकवार ने बताया कि उन्हें दोपहर करीब 3 बजे ओवरब्रिज पर तेल डाले जाने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने कई बाइक सवारों को घायल अवस्था में पाया। रैकवार ने दमोह एसडीएम सौरव गंधर्व से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनका मोबाइल रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने अपने साथियों की मदद से तेल पर मिट्टी डालकर उसे सोखने का प्रयास किया। मिट्टी द्वारा तेल सोख लिए जाने के बाद यातायात सामान्य हो सका। कोतवाली टीआई मनीष कुमार भी बाद में मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पुलिस इस मामले की जानकारी ले रही है कि आखिर किसके द्वारा ओवरब्रिज पर इतनी बड़ी मात्रा में तेल फेंका गया था।

### महिला को टक्कर मारकर गिरा बाइक सवार, दोनों गंभीर रूप से घायल

**तेंदूखेड़ा, देशबन्धु।** दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर तारादेही तिराहे से लगभग 100 मीटर दूर गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना में एक महिला एवं बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल्लो बी, पति हमीद शाह, निवासी वार्ड क्रमांक 6 तेंदूखेड़ा सड़क 8.30 बजे रात में पैदल जा रही थीं। इसी दौरान तेंदूखेड़ा से अपने ग्राम धनगौर जा रहे बाइक चालक चंदन विश्वकर्मा (22 वर्ष), पिता रूपलाल विश्वकर्मा, निवासी ग्राम धनगौर ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला एवं बाइक चालक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचाया। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। दोनों के सिर में गंभीर चोटें होने के कारण उन्हें बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया गया है।

# 4 लाख 47 हजार का बिजली बिल घटकर हुआ 98 हजार, फिर भी नहीं जुड़ी बिजली

**तेंदूखेड़ा, देशबन्धु।** ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहरा निवासी आनंद कुमार लोधी ने बिजली विभाग द्वारा जारी किए गए 4 लाख 47 हजार रुपए का कथित गलत बिजली बिल को सफलतापूर्वक चुनौती देकर उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया है। बिजली उपभोक्ता फोरम जबलपुर में हुई सुनवाई एवं जांच के बाद उक्त बिल को निरस्त करते हुए संशोधित राशि मात्र 98 हजार रुपए निर्धारित की गई है। जानकारी के अनुसार आनंद कुमार की पत्नी लक्ष्मी बाई के नाम से ग्राम मोहरा में एक राइस मिल संचालित होती है। उपभोक्ता का कहना है कि राइस मिल वर्ष में केवल चार माह ही संचालित होती है, इसके बावजूद बिजली विभाग द्वारा लगातार अत्यधिक राशि के बिजली बिल जारी किए जा रहे थे। गलत बिलों के कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों, दमोह विद्युत कंपनी के अधिकारियों तथा जिला प्रशासन को शिकायतें दीं, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका। निराकरण न मिलने पर उपभोक्ता ने मामला बिजली उपभोक्ता फोरम, रामपुर जबलपुर के समक्ष अपना विवाद प्रस्तुत किया। फोरम में हुई विस्तृत जांच और सुनवाई के दौरान बिजली बिलों में गंभीर त्रुटियां पाई गईं। इसके आधार पर 4 लाख 47 हजार रुपए से अधिक की देय राशि को निरस्त कर संशोधित बिल 98 हजार रुपए निर्धारित किया गया। साथ ही फोरम ने अपने 2 जून के आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए कि राइस मिल का बिजली कनेक्शन पहले बहाल किया जाए तथा उसके बाद संशोधित बिल की राशि जमा कराई जाए। हालांकि उपभोक्ता का आरोप है कि फोरम के स्पष्ट आदेश के बावजूद हर्रई विद्युत वितरण केंद्र द्वारा अब तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई है।

बिजली कनेक्शन चालू न होने के कारण राइस मिल का संचालन प्रभावित हो रहा है, जिससे आर्थिक नुकसान की आशंका बनी हुई है। उनका कहना है कि न्यायिक आदेश के बावजूद विभागीय स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है। उपभोक्ता ने संबंधित अधिकारियों से उपभोक्ता फोरम के आदेश का तत्काल पालन करते हुए बिजली कनेक्शन बहाल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समय पर बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होने से राइस मिल का कार्य प्रभावित हो रहा है और इससे आजीविका पर भी असर पड़ रहा है। यह मामला बिजली विभाग की कार्यप्रणाली, बिलिंग व्यवस्था तथा उपभोक्ता शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। साथ ही यह दर्शाता है कि यदि उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर उचित मंच पर शिकायत दर्ज कराएं, तो उन्हें न्याय प्राप्त हो सकता है।

## धन, उम्र और बल में बड़ा होना बड़ी बात नहीं है वेद का ज्ञान होना बड़ी बात है : भाईजी महाराज

**रनेह, देशबन्धु।** नल दमयंती की पावन धरा रनेह में कौशलाधीश दरबार में रात्रिकालीन मधुर बेला में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस कथा व्यास रामनुग्रह रामानुजाचार्य, गुरु राकेश भाई महाराज बड़ामलहरा ने अपनी समधुर वाणी में व्यासपीठ से श्रोताओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराते हुए कहा कि धन में, उम्र में, बल में बड़ा होना कोई बड़ी बात नहीं है। नैमिशारण्य में 88 हजार देवता विराजमान हैं। इन देवताओं ने सोनकजी से प्रश्न किया कि हम लोग इस निर्जल जंगल में भागवत सुनने बैठे हैं, मगर कथा सुनने यहां कोई नहीं है। श्रोता तो यहां आ गए, मगर सुनने वाले गुरुदेव भगवान तो है ही नहीं। तब सोनकजी ने कहा यह भगवान की कथा है, बिना भगवान की कृपा के संभव नहीं है, हम और आप कुछ भी सोचें, कुछ नहीं होता जो होगा भगवान की कृपा से होगा। रनेह एवं क्षेत्र वासियों को भगवान की कृपा से सौभाग्य प्राप्त होना था तो पुरुषोत्तम मास में कथा सुनने मिली। महात्माओं ने सोनक जी से पूछा भगवान की कृपा कैसे होगी, भगवान की कृपा कीर्तन से मिलती है। गुरुदेव भगवान की कृपा से सूतजी महाराज प्रकट हो गए। श्री महाराज ने श्रोताओं को सुनाया की श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान और विवेक को देने वाली है। हम और आप अज्ञानता में फंसे हैं।

## गैस उपभोक्ताओं को बड़ी राहत: होम डिलीवरी पर अतिरिक्त पैसे मांगे तो होगी कार्रवाई, कलेक्टर ने जारी किए आदेश

**जबेरा/दमोह, देशबन्धु।** जिला प्रशासन ने घरेलू गैस उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए गैस एजेंसी संचालकों के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जिले की सभी एलपीजी गैस एजेंसियों को पत्र जारी कर उपभोक्ताओं को आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। आदेश का उल्लंघन करने वाले संचालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जारी सरकारी आदेश के अनुसार, गैस रीफिलिंग की बुकिंग और डिलीवरी को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए निम्नलिखित 7 प्रमुख नियम लागू किए गए हैं:

**अतिरिक्त वसूली पर रोक**–होम डिलीवरी के समय हॉकरों द्वारा उपभोक्ताओं से तय राशि से अधिक (अतिरिक्त राशि) की मांग नहीं की जाएगी।

**ऑनलाइन बुकिंग अनिवार्य**–उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बुकिंग के बाद ही गैस रीफिल प्रदान की जाएगी। बिना बुकिंग के सिलेंडर नहीं दिया जाएगा।

**कम्प्यूटराइज्ड रसीद**–होम डिलीवरी के समय उपभोक्ताओं को अनिवार्य रूप से कम्प्यूटराइज्ड रसीद दी जाएगी।

**पात्र उपभोक्ताओं को ही डिलीवरी**–गैस सिलेंडर केवल उन्हीं पात्र उपभोक्ताओं को दिए जाएंगे, जो पंजीकृत हैं।

**अवैध भंडारण पर रोक**–अनाधिकृत या अवैध स्थानों पर एलपीजी सिलेंडरों का भंडारण और विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

**प्रक्रिया पूरी होने पर रीफिल**–ऑनलाइन बुकिंग की पूरी प्रक्रिया सॉफ्टवेयर में दर्ज होने के बाद ही रीफिल का वितरण होगा।

**समस्याओं का तुरंत निवारण**–गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं की समस्याओं जैसे- ई-केवायसी, मोबाइल नंबर बदलना आदि का तुरंत निराकरण करना होगा। जिला आपूर्ति अधिकारी ने सभी गैस एजेंसी संचालकों को चेतावनी दी है कि वे अपने यहां इन सभी व्यवस्थाओं को तत्काल सुनिश्चित करें, ताकि आम जनता को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# सांसद राहुल सिंह लोधी ने किया जबेरा का दौरा

## किया पौधरोपण, ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंप की सिविल कोर्ट शुरू करने की मांग

**जबेरा, देशबन्धु।** दमोह लोकसभा क्षेत्र के सांसद राहुल सिंह लोधी बुधवार की शाम जबेरा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया, आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया और बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सेवा, सुशासन और लोक कल्याण' के सफल वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।

आनंद धाम आश्रम में पूजन और रात्रि विश्राम सांसद राहुल सिंह लोधी ने बुधवार की संध्या को सुप्रसिद्ध आनंद धाम आश्रम में उन्होंने आयोजित भजन संकीर्तन कार्यक्रम में पूरी श्रद्धा के साथ भाग



लिया और रात्रि विश्राम भी आश्रम परिसर में ही किया। अगले दिन गुरुवार की सुबह उन्होंने मां की विधि-विधान से आरती और पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की जनता की सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और राष्ट्रसेवा के सफल जीवन की कामना की। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर चलाए जा रहे देशव्यापी अभियान एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत आश्रम परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से भी पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।

गुरुवार को जबेरा में जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान स्थानीय ग्रामीणों और प्रबुद्ध नागरिकों ने सांसद राहुल सिंह लोधी से मुलाकात की। ग्रामीणों ने सांसद को एक ज्ञापन सौंपकर जबेरा नगर में लंबे समय से लंबित सिविल कोर्ट को शीघ्र चालू करने की मांग की। सांसद ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए उचित स्तर पर प्रयास करने का आश्वासन दिया।

## डिंडोरी में दो लाख किसानों को मिले किसान क्रेडिट कार्ड 50 हजार से ज्यादा लोग ले रहे अटल पेंशन : कलेक्टर

**डिंडोरी, देशबन्धु।** डिंडोरी के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अगुवाई कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया और शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने की। बैठक के दौरान विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने इस बात पर खास जोर दिया कि सरकार की तमाम योजनाओं का फायदा सीधे उन लोगों तक पहुंचना चाहिए जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है।

बैठक में बैंक अधिकारी रविशंकर ने जिले के कामकाज और पैसों से जुड़े जरूरी आंकड़े सामने रखे। उन्होंने बताया कि इस साल के लिए जो लक्ष्य तय किया गया था, बैंकों ने उसका लगभग 99 प्रतिशत हिस्सा हासिल कर लिया है। इसके साथ ही, बैंकों का जो पैसा बाजार में फंसा हुआ था या डूब रहा था, उसमें भी कमी आई है और वह घटकर करीब 6 प्रतिशत पर आ गया है। किसानों के लिए भी अच्छा काम हुआ है और अब तक लगभग दो लाख किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी जा चुकी है।

जिले में लोगों की मदद के लिए बड़े स्तर पर खाते खोले गए हैं और बीमा योजनाएं चलाई जा रही हैं। अब तक 5 लाख से ज्यादा जनधन खाते खोले जा चुके हैं। इसके अलावा, लाखों लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और जीवन ज्योति बीमा से जोड़ा गया है, जबकि 50 हजार से ज्यादा लोग बुढ़ापे के लिए अटल पेंशन योजना का लाभ ले रहे हैं। मोटा कारोबार शुरू करने के लिए भी बैंकों से काफी मदद मिली है। इसके लिए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग योजना, पीएम स्वनिधि और मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति जैसी अलग-अलग योजनाओं के तहत तय किए गए।

# बिना लाइसेंस खाद-कीटनाशक की अवैध बिक्री के खिलाफ कार्रवाई

**डिंडोरी, देशबन्धु।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के सख्त निर्देश पर खरीफ 2026 की तैयारी हेतु चल रही औचक छापेमार कार्रवाई के दौरान जिले में बड़ी अनियमितता उजागर हुई है। अनुज्ञप्ति अधिकारी एवं उपसंचालक कृषि श्री संजय दोशी के नेतृत्व में गठित निगरानी दल ने शाहपुर और विक्रमपुर के विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर कई संस्थाओं में नियमों की धज्जियाँ उड़ती हुई पाईं।

विक्रमपुर स्थित निजी प्रतिष्ठान चौकसे बीज भंडार पर हुई छापेमारी में टीम को बिना वैध लाइसेंस के रखे गए कीटनाशक और उर्वरक विक्रय के ठोस सबूत मिले। मौके पर लगभग 26,000 रुपये मूल्य के उर्वरक और कीटनाशक जब्त कर लिए गए और प्रतिष्ठान के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की गई। कार्रवाई दल में सहायक



संचालक कृषि डॉ. नेहा धूरिया, कृषि विकास अधिकारी श्रीमती अर्चना गोहिया, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पी.सी. वरकड़े तथा कृषि विस्तार अधिकारी आरती चौरसिया मौजूद रहीं, परन्तु जिले के किसान नेता और नागरिक अधिकार समूहों ने तुरंत सवाल उठाए कि क्या यह सिर्फ शोर-शराबा भर नहीं । क्योंकि पिछले मामलों में विभागीय छापेमारी के बाद शिकायतें अक्सर ठंडे बस्ते में डाल दी जाती हैं। एक स्थानीय किसान प्रतिनिधि ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, कभी-कभी जब्ती केवल दिखावा बनकर रह जाती है; असली कवायद तो तब हो जब जिम्मेदारों पर मुकदमा दर्ज हो, लाइसेंस रद्द हों और जुर्माने वसूल किए जाएँ। प्रशासन की ओर से जारी औपचारिक टिप्पणी में बताया गया कि प्रस्तावित अनुशासनात्मक कार्रवाइयों के आदेश उच्चाधिकारियों को भेज दिए गए हैं और आगे की कानूनी प्रक्रिया जिला प्रशासन की समीक्षा के बाद तय की जाएगी, पर स्थानीय लोग इसे ढीली पंचायत करार देने से बाज़ नहीं आ रहे। आलोचक कहते हैं कि खरीफ सीज़न के पहले ऐसे उल्लंघन सीधे किसानों की जेब और फसलों की सुरक्षा पर असर डालते हैं। पूछे जाने पर एक अनाम विभागीय सूत्र ने कहा,हम खेतों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठा रहे हैं। ग्रामीणों ने दबाव बढ़ाने के लिए दोषियों पर सख्त कार्रवाई, लाइसेंस निरस्तीकरण और सार्वजनिक रिपोर्ट जारी करने की मांग उठाई है।

## ब्यारमा नदी के नए पुल से आवागमन शुरू होने से लोगों में खुशी की लहर

**हटा/दमोह, देशबन्धु।** दमोह और पन्ना जिलों को जोड़ने वाली ब्यारमा नदी पर निर्मित नए पुल से आवागमन शुरू होने के बाद क्षेत्र के लोगों में उत्साह और राहत का माहौल है। उल्लेखनीय है कि 28 अगस्त 2025 को भारी बारिश के दौरान तत्कालीन कलेक्टर सुधीर कोचर ने गैसाबाद-सिमरिया के बीच स्थित पुराने ब्यारमा पुल को क्षतिग्रस्त बताते हुए उस पर आवागमन बंद करा दिया था। इस निर्णय के बाद क्षेत्र के लोगों को सिमरिया, अमानगंज और पन्ना जाने के लिए लगभग 40 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही थी। हालांकि बाद में पुराने पुल की तकनीकी जांच भी कराई गई, लेकिन उस पर यातायात दोबारा शुरू नहीं हो सका। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की चुप्पी के बीच जनवरी माह में गैसाबाद गौशाला में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यों ने सांसद राहुल सिंह को पुराने पुल के बंद होने तथा नए पुल के तैयार होने के बावजूद अप्रोच रोड नहीं बनने की समस्या से अवगत कराया।